RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 354 | नागौर, 16 दिसम्बर, 2022 (शुक्रवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## एसिड अटैक पीड़ित का चेहरा 8% झुलसा

### आंखें डैमेज, दिल्ली पुलिस का फ्लिपकार्ट को नोटिस, यहीं से आरोपी ने खरीदा था तेजाब

नई दिल्ली.

दिल्ली एसिड अटैक पीड़ित की हालत गंभीर बनी हुई है। उसका चेहरा 8त्न झुलस गया है। आंखें भी डैमेज हो गई हैं। फिलहाल, वह होश में है। आई स्पेशलिस्ट और प्लास्टिक सर्जन उसका इलाज कर रहे हैं। ये जानकारी सफदरजंग अस्पताल के एक वरिष्ठ डॉक्टर ने दी।

उधर, पुलिस की जांच में पता चला है कि आरोपियों ने तेजाब ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट से खरीदा था। इस पर दिल्ली पुलिस फ्लिपकार्ट को और दिल्ली महिला आयोग ने अमेजन को भी नोटिस भेजा है। दिल्ली महिला आयोग ने नोटिस में लिखा- जानकारी मिली है कि आरोपी ने तेजाब फ्लिपकार्ट से खरीदा था। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर बैन लगा दिया था, लेकिन यह एमेजोन और फ्लिपकार्ट जैसे प्लेटफॉर्म पर आसानी से मिल रहा है। अपने प्लेटफॉर्म पर एसिड बेचने की वजह बताइए।

#### फ्लिपकार्ट के जवाब का इंतजार

दिल्ली की वरिष्ठ पुलिस अधिकारी प्रीत हुड्डा ने बताया कि सचिन ने एसिड फ्लिपकार्ट से मंगाया था। पेमेंट के लिए उसने फ्लिपकार्ट के ई-वॉलेट का इस्तेमाल किया। हालांकि अभी तक फ्लिपकार्ट की ओर से इस बारे में कोई प्रतिक्रिया



नहीं आई है। घटना द्वारका इलाके में 14 दिसंबर को सुबह 7:30 बजे हुई। लड़की अपनी छोटी बहन के साथ जा रही थी, तभी बाइक पर सवार 2 लोग आए। पीछे बैठे लड़के ने तेजाब फेंक दिया।

#### तीन आरोपी गिरफ्तार

इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों की पहचान सचिन अरोड़ा (20 साल), हर्षित अग्रवाल (19 साल) और वीरेंद्र सिंह (22 साल) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सचिन मुख्य आरोपी है, उसने हर्षित और वीरेंद्र की मदद से वारदात को अंजाम दिया।

## नीरव मोदी की मुश्किलें बढ़ीं

## प्रत्यर्पण के खिलाफ ब्रिटिश सुप्रीम कोर्ट नहीं जा सकेगा

### लंदन हाईकोर्ट ने कहा- अब अपील की जरूरत नहीं

लंदन।

भारत प्रत्यर्पण को लेकर भगोड़ा हीरा व्यापारी नीरव मोदी ब्रिटेन की सुप्रीम कोर्ट नहीं जा सकेगा। गुरुवार को लंदन हाईकोर्ट ने नीरव को सुप्रीम कोर्ट में अपील की राहत देने से इनकार कर दिया। प्रत्यर्पण का आदेश भी लंदन हाईकोर्ट ने ही दिया था। इसके खिलाफ वह सुप्रीम कोर्ट जाना चाहता था। अब अर्जी खारिज होने के बाद नीरव को भारत लाने की प्रक्रिया और आसान हो गई है।

#### 2 अपील, 2 जज और एक ही फैसला

गुरुवार को लंदन हाईकोर्ट के जस्टिस जेरेमी स्टुअर्ट स्मिथ और जस्टिस रॉबर्ट जे की बेंच ने नीरव को सुप्रीम कोर्ट में अपील से रोक दिया। खास बात यह है कि इन्हीं दो जजों ने 51 साल के नीरव की पिछली याचिका पर भी सुनवाई की थी। तब नीरव ने कहा था कि वो मानसिक तौर पर बीमार है और उसे भारत के हवाले नहीं किया जाना चाहिए। तब भी इन्हीं दो जजों ने उसकी याचिका खारिज करते हुए उसके प्रत्यर्पण के आदेश दिए थे।



#### आगे क्या मुमकिन

नीरव मोदी के लिए कानूनी तौर पर रास्ते करीब-करीब बंद हो चुके हैं। इसके मायने ये हुए कि वो प्रत्यर्पण के मामले को अब कम से कम ब्रिटेन की किसी अदालत में तो चुनौती नहीं दे सकता। हां, ब्रिटेन में मानवाधिकारों को लेकर कुछ पेंच फंस सकते हैं। अब ब्रिटिश सरकार (होम मिनिस्ट्री) उसके प्रत्यर्पण को रोक सकती हैं, लेकिन अगर वो ऐसा करती है तो इसे भी वहां के सुप्रीम कोर्ट में भारत सरकार चैलेंज कर सकती है। कुल मिलाकर नीरव का भारत आना तय है। हालांकि इसमें कुछ महीने और लग सकते हैं। दूसरी तरफ, इस बात की पूरी संभावना है कि भारत से फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को बेकरार ब्रिटिश सरकार प्रत्यर्पण रोककर भारत की नाराजगी मोल नहीं लेना चाहेगी। लिहाजा, नीरव को भारत लाने में अब डिप्लोमेटिक बैरियर भी नहीं होंगे। एक संभावना यह भी है कि नीरव ब्रिटेन की ऋषि सुनक सरकार से पॉलिटिकल असाइलम यानी राजनीतिक शरण मांगे। हालांकि इकोनॉमिक ऑफेंडर (आर्थिक अपराधी) होने के चलते यहां भी राहत करीब-करीब नामुमकिन है।

नीरव के पास एक ऑप्शन यूरोपीय कमीशन ऑफ ह्यूमन राइट्स में अपील का भी है। एक ब्रिटिश लीगल एक्सपर्ट के मुताबिक यह कहना मुश्किल है कि उसे भारत के हवाले कब तक किया जाएगा, क्योंकि वो अमीर है और वकीलों के जरिए मामला लटकाने की पूरी कोशिश करेगा। अब यह लड़ाई लीगल से ज्यादा डिप्लोमेसी की है।

## भारत ने किया अग्नि-5 मिसाइल का परीक्षण

**नई दिल्ली।** भारत की अग्नि-वी मिसाइल की ताकत जिसकी जद में पूरा बीजिंग समा सकता है, उसका परीक्षण कर लिया गया है। अग्नि-5 बैलिस्टिक मिसाइल का पहली बार 5,500 किमी की पूर्ण परिचालन सीमा पर परीक्षण किया गया। इससे पहले ही खबर आ रही थी कि 15 या 16 दिसंबर बीच अग्नि-5 की टेस्टिंग हो सकती है। हिंद महासागर में नाविकों के लिए पहले ही नोटैम जारी कर दिया गया था। लेकिन आज अग्नि 5 की टेस्टिंग हो चुकी है।

अग्नि 5 की क्या है खासियत-भारत की अग्नि-5 दुश्मनों के लिए कितनी घातक साबित हो सकती है इसके बारे में भी बता देते हैं। ये लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली ये बैलस्टिक मिसाइल है। 5 हजार किलोमीटर तक ये टारगेट को मारने में सक्षम है। इसकी रेंज में पूरा चीन आ सकता है। इसके अलावा अफ्रीका और यूरोप के कुछ हिस्से भी इसकी जद में आते हैं। परमाणु क्षमता से लैस अग्नि-5 में 1500 किलो वॉरहेड ले जाने में भी सक्षम है।

## राजस्थान के 6 शहरों में सीजन की सबसे ठंडी रात

जयपुर।

राजस्थान समेत उत्तर भारत के राज्यों में चली सर्द हवाओं से तापमान 7 डिग्री सेल्सियस तक नीचे आ गया। शेखावाटी एरिया के सीकर, चूरू, फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। इन शहरों के साथ ही जयपुर, हनुमानगढ़ और अलवर में भी सीजन की सबसे सर्द रात रही। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक दो-तीन पहले जो हल्के प्रभाव का पश्चिमी विक्षोभ पहाड़ों में एक्टिव हुआ था, उसके गुजरने के बाद उत्तरी हवाएं फिर से मैदानी इलाकों में आने लगी, जिसके कारण राजस्थान के अलावा हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब के कई शहरों में तापमान गिर गया और सर्दी का असर बढ़ गया।

जयपुर मौसम केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि उत्तरी भारत में आने वाली इन सर्द हवाओं का असर अगले 2 दिन और रहेगा, हालांकि दिन में मौसम बिल्कुल साफ रहने से तापमान 25 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेंगे। उन्होंने बताया कि राजस्थान में अभी कड़ाके की सर्दी आने में समय लगेगा। क्योंकि जब तक कोई स्ट्रांक वेस्टर्न डिस्टरबेंस जम्मू-कश्मीर, हिमाचल में भारी बर्फबारी नहीं करेगा तब तक राज्य में कड़ाके की सर्दी नहीं पड़ेगी।

मौसम केन्द्र जयपुर से जारी रिपोर्ट देखे तो सबसे कम तापमान सीकर के फतेहपुर में 1.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यहां सुबह-सुबह खेतों में ओंस की बूंदे बर्फ में तब्दील हो गई। दो दिन के अंदर फतेहपुर में तापमान 4 डिग्री सेल्सियस तक नीचे आ गया। तेज सर्दी से यहां किसानों के चेहरों पर रौनक



आ गई। क्योंकि रबी की फसल के लिए जो ठंडक चाहिए वह अब पड़ने लगी है। वहीं दूसरी तरफ तेज सर्दी से शेखावाटी में लोगों का दिनचर्या प्रभावित हो गई। चूरू में न्यूनतम तापमान 2.5, सीकर जिले में 4.5 और पिलानी में 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इन तीनों ही जिलों में ये इस सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज हुआ है। इसके अलावा फतेहपुर, हनुमानगढ़, जयपुर और अलवर में भी सीजन का सबसे कम तापमान रिकॉर्ड हुआ।

राजस्थान में सबसे ज्यादा तापमान अलवर में गिरा। यहां 24 घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस गिरकर 6 पर पहुंच गया। इसके अलावा हनुमानगढ़, डूंगरपुर में तापमान 2.7 और अजमेर में 3.6 डिग्री सेल्सियस तक गिरा है। इसके अलावा उत्तरी राजस्थान के गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, चूरू, झुंझुनूं, अलवर एरिया में रात से सर्द हवाओं का असर भी तेज हो गया।

## गोधरा कांड के दोषी को जमानत

### सीजेआई की बेंच बोली- उसने ट्रेन पर पत्थर फेंके थे, 17 साल जेल में रहा

नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को गोधरा कांड के एक दोषी फारूक को जमानत दे दी। उम्रकैद की सजा के खिलाफ दोषी की अपील 2018 से सुप्रीम कोर्ट में लंबित थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फारूक 2004 से जेल में है। वो पिछले 17 साल जेल में रह चुका है। इसलिए उसे जमानत दी जाए।

जमानत का विरोध करते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, यह सबसे जघन्य अपराध में से एक था। लोगों को बोगी में बंद करके जिंदा जलाया गया था। सामान्य परिस्थितियों में पत्थरबाजी कम गंभीर अपराध हो सकता है, लेकिन यह अलग है।

#### पहले जाने क्या था मामला

27 फरवरी 2002 को गोधरा स्टेशन पर साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन के एक कोच में भीड़ ने आग लगा दी थी। इस घटना में 59 कारसेवकों की जलकर मौत हो गई थी। इसी के बाद गुजरात में 2002 के दंगे हुए थे। दोषी फारूक पर पत्थरबाजी और हत्या करने का मामला साबित हुआ था। इसके बाद उसे उमक्रैद की सजा सुनाई गई थी।

दरअसल, गोधरा कांड के बाद चले मुकदमों में करीब 9 साल बाद 31 लोगों को दोषी ठहराया गया था। 2011 में



एसआईटी कोर्ट ने 11 दोषियों को फांसी और 20 को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। बाद में अक्टूबर 2017 में गुजरात हाईकोर्ट ने 11 दोषियों की फांसी की सजा को भी उम्रकैद में बदल दिया था। दोषी फारूक इन्हीं में से एक है।

इससे पहले 13 मई 2022 को एक और दोषी अब्दुल रहमान धंतिया कंकट्टो जम्बुरो को 6 महीने की जमानत दी गई थी। रहमान की पत्नी को टर्मिनल कैंसर है और उसकी बेटियां मानसिक बीमार हैं। 11 नवंबर को उसकी जमानत 31 मार्च, 2023 तक बढ़ा दी गई।

सरकार का पक्ष रखते हुऐ एसजी ने कहा- मामला फाइनल हियरिंग के लिए तैयार है। अब समयबद्ध सुनवाई के लिए भी विशेष बेंच हैं। इसे भी लिस्टेड किया जा सकता है। इस पर सीजेआई ने कहा- मिस्टर एसजी, आप यह कर सकते हैं। अपने जूनियर्स से एक विवरण तैयार करने के लिए कहें और इसे रजिस्ट्रार पुनीत सहगल को भेज दें। मैं इसे जरूर देखूंगा।

## मोइत्रा ने सदन में पूछा था पप्पू कौन?, वित्त मंत्री का जवाब- बंगाल में मिल जाएगा

नई दिल्ली।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के बीच में तीखी बहस देखने को मिल गई है. सदन में चर्चा के दौरान देश की आर्थिक स्थिति को लेकर टीएमसी सांसद ने मोदी सरकार पर निशाना साधा था. यहां तक सवाल कर दिया था कि असल पप्पू कौन है. अब मोइत्रा के उस सियासी वार पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जोरदार पलटवार किया है. उन्होंने तंज कसते हए कह दिया है कि अगर पप्पू ढूंढना है तो पश्चिम बंगाल में देखा जाए.

निर्मला सीतारमण ने कहा कि सवाल ये है कि असल पप्पू कौन है, पप्पू है कहां. मैं जरा कहना चाहूंगी कि अगर माननीय सदस्य अपने राज्य पश्चिम बंगाल में देखेंगी तो उन्हें पप्पू जरूर मिल जाएगा. अब वित्त मंत्री ने ये पप्पू वाला वार इसलिए किया क्योंकि टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने इसी शब्द के जरिए मोदी सरकार पर कई सवाल दाग दिए थे. सदन में चर्चा के दौरान मोइत्रा ने कहा था कि इस सरकार ने एक शब्द निकाला है पप्पू, किसी को बदनाम करने के लिए और कम क्षमता बताने के लिए ये लोग इस शब्द का कई बार इस्तेमाल कर चुके हैं. लेकिन जो औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े सामने आए हैं, उन्हें देख पता चलता है कि असल पप्पू कौन है. टीएमसी सांसद ने अपने बयान में यहां तक कहा था कि सवाल ये नहीं कि आग किसने लगाई, सवाल ये होना चाहिए



कि उस शख्स को माचिस किसने दी. अब महुआ मोइत्रा के इसी बयान पर काफी चर्चा देखने को मिल गई. जब विवाद ज्यादा बढ़ गया तो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सरकार की तरफ से कमान संभाली और एक मुंहतोड़ जवाब दिया. उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता सरकार के हाथ में माचिस देती है. इसलिए प्रश्न ये नहीं होना चाहिए कि हाथ में माचिस किसने दी, असली प्रश्न तो ये है कि माचिस का उपयोग किस प्रकार किया गया. निर्मला सीतारमण ने गुजरात में बीजेपी की प्रचंड जीत पर भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वहां पर नतीजों के बाद किसी तरह का कोई दंगा नहीं हुआ, कोई हिंसा नहीं हुई. लेकिन बंगाल में टीएमसी की जीत के बाद जगह-जगह आगजनी की गई, बीजेपी कार्यकर्ताओं पर हमले हुए.

## आदित्यनाथ ने सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल को उनकी 72वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने यहां सरदार वल्लभभाई पटेल स्मृति समारोह समिति द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित किया। आदित्यनाथ ने कहा, ''वल्लभ भाई पटेल एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। जब देश को स्वतंत्रता मिली तो संविधान के निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। उन्हें 'भारत के लौह पुरुष' के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने एक शिल्पकार के रूप में स्वतंत्र भारत को आकार दिया।'' सरकारी बयान के अनुसार मुख्यमंत्री



ने कहा, ''563 से अधिक रियासतों का एकीकरण करके भारत गणराज्य का हिस्सा बनाना चुनौतीपूर्ण कार्य था।

## राहुल की भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन पूरे

नई दिल्ली।

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के शुक्रवार को 100 दिन हुए। आज राहुल गांधी पहले दौसा और फिर जयपुर रहेंगे। सुबह के सत्र में ही यात्री 6 बजे से 11.00 बजे तक 23 किलोमीटर की पदयात्रा करेंगे। शाम को यात्रा नहीं होगी। इससे पहले यात्रा गुरूवार को सुबह दौसा ज़िले के गोलिया गांव से शुरु हुई। सुबह में कड़ाके की ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग यात्रा के स्वागत के लिए मौजूद थे। सुबह के सत्र में पदयात्रा के दौरान राहुल गांधी ने मुख्य रूप से तीन समूहों से बातचीत की।

#### समूहों से बातचीत

पहला राइट टू हेल्थ के लिए काम कर रहा डॉक्टर्स का एक समूह था। इन लोगों ने गहलोत सरकार की ओर से स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए विकेंद्रीकरण को बढ़ावा देने का सुझाव दिया। इनका कहना था कि स्थानीय स्तर पर ही समस्याओं के समाधान की व्यवस्था की जाए। दूसरी बातचीत विभिन्न खेलों के अवार्ड विजेता खिलाड़ियों के समुह के साथ थी। खेलों में हम और ज़्यादा मेडल कैसे जीत सकते हैं, इसे लेकर राहुल गांधी ने मुख्य रूप



से बात की। उन्होंने कहा कि सबसे पहले डाइट पर फोकस करना चाहिए। प्रोटीन युक्त डाइट ज़्यादा लें। छोटी उम्र से ही बच्चों की खेल में रुचि पहचान कर तैयारी शुरू करनी चाहिए। इस दौरान खेलों को बढ़ावा देने के लिए राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक और नौकरियों में खिलाड़ियों के लिए कोटा निर्धारण करने जैसे कांग्रेस सरकार के कार्यों के लिए खिलाड़ियों ने आभार व्यक्त किया।

#### लैंड फॉर लाइफ, 2021 पुरस्कार विजेता से बातचीत

इसके बाद राहुल ने लैंड फॉर लाइफ, 2021 पुरस्कार विजेता प्रोफेसर श्यामसुंदर ज्याणी के साथ बातचीत की। ज्याणी बीकानेर के डूंगर कॉलेज में प्रोफेसर हैं। उन्होंने बीकानेर सहित राज्य भर में 25 लाख से अधिक पौधे लगवाए हैं। बातचीत के बाद ज्याणी ने बताया कि वह भारत जोड़ो यात्रा के उद्देश्यों से बेहद प्रभावित हैं। वह बीकानेर में एक भारत जोड़ो वन भी लगाएंगे। उन्होंने जब राहुल गांधी को इसकी जानकारी दी तब उन्होंने कहा कि वह उस वन को देखने ज़रूर आएंगे। सुबह 11 बजे एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश ने बताया कि आज भारत जोड़ो यात्रा का 99वां दिन है। 16 दिसंबर को यात्रा का 100 दिन पूरा होगा। इस दिन शाम के 4:00 बजे जयपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नए कार्यालय में राहुल गांधी प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे और शाम 7:30 में जयपुर के ही अल्बर्ट हॉल में भारत जोड़ो कंसर्ट का आयोजन किया जाएगा जिसमें सुनिधि चौहान मुख्य गायिका होंगी

## मोइत्रा ने सदन में पूछा था पप्पू कौन, वित्त मंत्री सीतारमण का जवाब- बंगाल में मिल जाएगा

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के बीच में तीखी बहस देखने को मिल गई है. सदन में चर्चा के दौरान देश की आर्थिक स्थिति को लेकर टीएमसी सांसद ने मोदी सरकार पर निशाना साधा था. यहां तक सवाल कर दिया था कि असल पप्पू कौन है. अब मोइत्रा के उस सियासी वार पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जोरदार पलटवार किया है. उन्होंने तंज कसते हए कह दिया है कि अगर पप्पू ढूंढना है तो पश्चिम बंगाल में देखा जाए. निर्मला सीतारमण ने कहा कि सवाल ये है कि असल पप्पू कौन है, पप्पू है कहां. मैं जरा कहना चाहूंगी कि अगर माननीय सदस्य अपने राज्य पश्चिम बंगाल में देखेंगी तो उन्हें



पप्पू जरूर मिल जाएगा. अब वित्त मंत्री ने ये पप्पू वाला वार इसलिए किया क्योंकि टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने इसी शब्द के जरिए मोदी सरकार पर कई सवाल दाग दिए थे. सदन में चर्चा के दौरान मोइत्रा ने कहा था कि इस सरकार ने एक शब्द निकाला है पप्पू, किसी को बदनाम करने के लिए और कम क्षमता बताने के लिए ये लोग इस शब्द का कई बार इस्तेमाल कर चुके हैं.

## सम्पादकीय

# पाबंदी और त्रासदी

बिहार में शराबबंदी को सरकार अपनी एक बड़ी उपलब्धि बताती है। लेकिन राज्य में अगर जहरीली शराब पीने से अक्सर लोगों की मौत की घटनाएं सामने आ रही हों तो उसके लिए किसे जवाबदेह ठहराया जाएगा? वहां छपरा जिले के मशरक और इसुआपुर के डोइला गांव में रात शराब पीने के बाद कम से कम बीस लोगों की जान चली गई। स्वाभाविक ही इस घटना पर न केवल राज्य में व्यापक चिंता जताई जा रही है, बल्कि एक बार फिर सरकार सवालों के कठघरे में है कि अगर वह शराब पर प्रतिबंध को समाज के हित में मानती है तो उसे ठीक से लागू करना किसकी जिम्मेदारी है! विडंबना यह है कि पिछले कुछ सालों में जहरीली शराब पीकर लोगों के मरने की घटनाओं का सिलसिला चल रहा है, लेकिन सरकार इस त्रासदी पर काबू पाने का कोई ठोस रास्ता नहीं निकाल सकी है। होता बस यह है कि जब भी जहरीली शराब से मौतों की कोई घटना तूल पकड़ लेती है, तब पुलिस-प्रशासन की ओर से सख्ती बढ़ाने की कवायद तेज कर दी जाती है, भविष्य में ऐसा नहीं होने देने का आश्वासन दिया जाता है। सच यह है कि कुछ दिनों की सक्रियता के बाद संबंधित महकमे शायद यह भूल जाते हैं कि इस मोर्चे पर उन्हें क्या करना है। वरना क्या वजह है कि कानूनी तौर पर शराब की बिक्री पर सख्त पाबंदी लागू है, लेकिन इसकी अहमियत सिर्फ दस्तावेजों में ही दिखती है। आए दिन ऐसे आरोप सामने आते हैं कि बिहार में शराब की कालाबाजारी होती है और जिसे जरूरत होती है, वह गैरकानूनी तरीके से इसे हासिल कर लेता है।

सवाल है कि किसी भी व्यक्ति को ज्यादा कीमत चुका कर शराब कहां से मिल पाती है! आखिर शराब बेचने वाला कहीं से और किसी रास्ते से लेकर ही गया होता है! जो पुलिस और संबंधित महमके किसी बड़े इलाके के कोने में छिप कर चलाई जा रही गतिविधियों पर काबू पाने का दावा करते रहते हैं, उनकी नाक के नीचे अवैध रूप से शराब की खरीद-बिक्री कैसे चलती रहती हैं? दरअसल, केवल किसी मसले पर कानूनन प्रतिबंध की घोषणा से उस समस्या पर काबू नहीं पाया जा सकता। उसे लागू करने के लिए एक व्यापक तंत्र और उसके नियम-कायदों से ईमानदार सरोकार रखने वाले लोगों की जरूरत होती है। सही है कि बिहार में शराबबंदी से बड़ी तादाद में परिवारों को कुछ सामाजिक-आर्थिक समस्याओं से राहत मिली है। खासतौर पर महिलाओं ने इस बंदी का स्वागत इसलिए किया था, क्योंकि शराब की वजह से उनकी जिंदगी में बहुस्तरीय उत्पीड़न के हालात कमजोर हुए थे। लेकिन अगर अब भी इतनी आसानी से लोगों को न केवल शराब मिल रही है, बल्कि उसमें जहर मिला कर बेचने वाले भी कामयाब हो रहे हैं, तो यह विचार करने की जरूरत है कि इस मसले पर सरकार का फैसला कितना व्यावहारिक है।

राज्य में शराबबंदी को लागू करने के क्रम में जिस तरह भारी तादाद में लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई के मामले सामने आए थे, उसे लेकर भी सरकार आलोचनाओं के घेरे में आई थी। लेकिन आज भी हालत यह है कि अक्सर जहरीली शराब पीने से लोगों की जान जाने की घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में कुछ स्वाभाविक सवालों से परेशान होने के बजाय सरकार को कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है, ताकि शराबबंदी के बावजूद जिस तरह की त्रासदी और जटिलताएं खड़ी हो रही हैं, उनसे समय रहते निपटा जा सके। वरना कहने को समाज के हित में लगाई गई पाबंदी कुछ लोगों के लिए त्रासदी साबित होती रहेगी।

# आभासी मुद्रा का वास्तविक बुलबुला

**पिछले एक साल में, क्रिप्टो बाजार 2021 में अपने तीन खरब डालर के शिखर पर पहुंचने के बाद, अब दो खरब डालर से भी अधिक का बाजार क्षेत्र गंवा चुका है।भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 'डिजिटल रुपया' के शुभारंभ की पूर्व संध्या पर, यह कहना प्रासंगिक होगा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत उन पहले देशों में से एक है, जिसने 'ब्लाकचेन' तकनीक का उपयोग करके डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए सीबीडीसी जारी करके नवाचार, मानव साहस और प्रयास को बढ़ावा देने के बीच संतुलन बनाया है। इसके साथ ही, क्रिप्टो करंसी की शुरुआत से लेकर अब तक, आम जनता को क्रिप्टो उन्माद से सावधान करने और उनकी रक्षा करने की दिशा में भी विशेष ध्यान दिया गया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, हम कई साथी सांसदों ने 2017 में उपरोक्त तथ्यों को रेखांकित करते हुए भारत में क्रिप्टो करंसी पर प्रतिबंध लगाने का मुद्दा उठाया था, हालांकि उसी समय केंद्र सरकार (वित्त मंत्रालय, निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में) ने भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मिल कर क्रिप्टो करंसी का अध्ययन करने के साथ-साथ केंद्रीय बैंक डिजिटल करंसी (सीबीडीसी) जारी करने के लिए एक समिति का गठन किया।**

**भारत** में क्रिप्टो कई रूपों में उभर रहा है, इसलिए निवेशकों को 'काइन' और 'टोकन' के माध्यम से अपनी ओर खींचने के उद्देश्य से क्रिप्टो करंसी को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर चाल चली जाती है। हालांकि, जैसे-जैसे लोग क्रिप्टो करंसी के बारे में जानने लगते हैं, वे समझ जाते हैं कि यह कितनी खतरनाक मुद्रा है। सत्रहवीं शताब्दी की शुरुआत में, 'ट्यूलिप मेनिया' यानी ट्यूलिप को लेकर उन्माद पूरे यूरोप में फैल गया था। इसे इतिहास में बड़े पैमाने पर पहले आर्थिक बुलबुले के रूप में वर्णित किया जाता है। 1590 के दशक में, कैरोलस क्लूसियस नामक व्यक्ति ने लीडेन विश्वविद्यालय के अपने निजी बगीचे में ट्यूलिप के पौधे उगाने शुरू किए ऐ, जिसे नीदरलैंड में ट्यूलिप की खेती का जनक माना जाता है। उन्होंने अपने बुढ़ापे के समय को रहस्यमयी ट्यूलिप घटना (जिसे 'ट्यूलिप ब्रेकिंग' के रूप में जाना जाता है) का अध्ययन करने में लगाया।

यह एक अजीब घटना है, जिसमें ट्यूलिप की पंखुड़ियां बहुरंगी प्रतिरूप में बदल जाती हैं। इसी अजीब घटना ने 'ट्यूलिप उन्माद' को जन्म दिया। दरअसल, हुआ यों कि अचानक ट्यूलिप के फूल घर में रखना एक सामाजिक रुतबे के रूप में देखा जाने लगा था। इसी पागलपन के अपने चरम पर पहुंचने को महंगाई के लिए भी जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। एक समय में इसे लेकर लेकर लोगों में पागलपन इस कदर बढ़ गया था कि एक साधारण ट्यूलिप भी पचास हजार से लेकर डेढ़ लाख अमेरिकी डालर में बेचा जा सकता था। ठीक उसी तरह जैसे आजकल बिटकाइन की कीमतें तय होती हैं। हालांकि, कई वर्षों बाद यह पता चला कि ट्यूलिप उन्माद को जन्म देने वाली अजीब घटना और कुछ नहीं, बल्कि एक विषाणु का नतीजा थी, जिसने ट्यूलिप को संक्रमित किया था। इसे दुनिया भर में फैले मौजूदा 'क्रिप्टो करंसी मेनिया' या क्रिप्टो उन्माद से प्रत्यक्ष तुलना करके देखा जा सकता है। 2009 में सातोशी नाकामोटो द्वारा रहस्यमयी बिटकाइन शुरू करने के बाद से अब तक, क्रिप्टो करेंसी न केवल काफी लोकप्रिय हुई है, बल्कि इसमें लोगों की दिलचस्पी भी काफी बढ़ी है। प्रौद्योगिकी के इस दौर में, क्रिप्टो करेंसी को बड़े पैमाने पर एक 'रेगुलेटेड एंटी एस्टैब्लिशमेंट करेंसी' यानी संचालित व्यवस्था-विरोधी मुद्रा के रूप में देखा जाता है, जो लोगों को ताकतवर महसूस कराती है। क्रिप्टो के समर्थक इस बात की प्रशंसा करते हैं कि मुद्रा का यह रूप अस्थिरता, महंगाई, ब्याज दरों और व्यवस्था से खर्च करने की शक्ति जुटा कर लोगों को वह ताकत देता है, ताकि वे 'ब्लाकचेन' के माध्यम से कथित मुद्रा का 'माइन' यानी उत्खनन कर सकें। हालांकि, यह क्रिप्टो की सच्चाई और वास्तविकता से दूर नहीं हो सकता है। बिटकाइन में एक सीमित संख्या में 'काइन' (सिक्के) होते हैं, जिनका उत्खनन किया जा सकता है और जैसे-जैसे अधिक 'काइन' उत्खनित किए जाएंगे, उत्खनन करना उतना ही अधिक मुश्किल होगा और इसमें गंभीर पर्यावरणीय जटिलताएं भी पैदा होती जाएंगी। कैंब्रिज सेंटर फार अल्टरनेटिव फाइनेंस (सीसीएएफ) द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, 2021 में बिटकाइन अपने चरम पर प्रति वर्ष लगभग 110 टेरावाट घंटे की खपत कर रहा था, जो वैश्विक बिजली उत्पादन का 0.55 फीसद है, जो



मलेशिया जैसे देश की सालाना खपत ऊर्जा के बराबर है।

आज दुनिया जिस ऊर्जा संकट का सामना कर रही है, उसे देखते हुए बिजली की बर्बादी करना मूर्खता है। फिर भी, इससे क्रिप्टो की कमियां उजागर नहीं होतीं। जब 2009 में यह शुरू हुई, उसके बाद से, क्रिप्टो करंसी का प्राथमिक उपयोग 'डार्क वेब', 'डीप वेब', आदि पर वस्तुओं और सेवाओं को खरीदने के लिए, धनशोधन, मादक पदार्थ, रिश्वत आदि के लिए उपयोग की जाने वाली मुद्रा के रूप में किया गया है। बढ़ते डिजिटलीकरण के साथ, क्रिप्टो बुलबुले का जन्म हुआ, जिसे ट्यूलिप मोड़ के रूप में देखा जाता है। 2016 के बाद, नई क्रिप्टो करंसी ने क्रिप्टो प्लेटफार्म और 'नान-फंजिबल टोकन' के रूप में अपनी जगह बना ली है। चूंकि भारत में क्रिप्टो कई रूपों में उभर रहा है, इसलिए निवेशकों को 'काइन' और 'टोकन' के माध्यम से अपनी ओर खींचने के उद्देश्य से क्रिप्टो करंसी को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर चाल चली जाती है। हालांकि, जैसे-जैसे लोग क्रिप्टो करंसी के बारे में जानने लगते हैं, वे समझ जाते हैं कि यह कितनी खतरनाक मुद्रा है। क्रिप्टो करंसी को हम शुरुआत में नहीं पहचान पाए। यह एक 'पोंजी' या ठगने वाली योजना से ज्यादा कुछ नहीं है और यह लोगों को सबसे अधिक जोखिम में डालने वाली है, जैसा कि हाल ही में एफटीएक्स की दुर्घटना के मामले में देखा गया, जहां अधिकांश नुकसान उन लोगों को हुआ, जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी की बचत की रकम को क्रिप्टो में एक निवेश के रूप में लगाया था। हालांकि, यह प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ही नतीजा है कि भारतीय निवेशक समुदाय को अभी तक अन्य देशों के छोटे निवेशकों की तुलना में ज्यादा मंदी का सामना नहीं करना पड़ा है। 2018 में आरबीआइ ने अपनी सभी नियामक संस्थाओं को क्रिप्टो करंसी में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया था, लेकिन 2020 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस फैसले को पलट दिया गया, जिसके परिणाम स्वरूप कई सारे मौजूदा क्रिप्टो मुद्रा विनिमय केंद्र और ज्यादा बढ़ने लगे। आगे के लिए, धोखाधड़ी के खतरे, धनशोधन और निजी जोखिमों आदि पर ध्यान केंद्रित करने के अलावा, हमें इन साधनों द्वारा पूरी अर्थव्यवस्था और बड़े पैमाने पर अपनी जनता की सुरक्षा के लिए प्रणालीगत जोखिमों को स्पष्ट करना होगा। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली के सर्वर पर साइबर हमले में तीन से चार करोड़ रोगियों के व्यक्तिगत डेटा से समझौता करना पड़ा है और हैकरों ने कथित तौर पर क्रिप्टो करंसी में दो सौ करोड़ राशि की मांग की, जो बहुत अहम मामला है।

## व्यापार समाचार

# विदेशी बाजारों में गिरावट के बीच तेल-तिलहनों के भाव टूटे

नई दिल्ली।

विदेशी बाजारों में गिरावट के रुख और सस्ते आयातित तेलों की वजह से दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में बृहस्पतिवार को सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चे पामतेल (सीपीओ), बिनौला और पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट देखने को मिली, जबकि सामान्य कारोबार के बीच सोयाबीन तिलहन और मूंगफली तेल-तिलहन के भाव पूर्वस्तर पर रहे। मलेशिया एक्सचेंज में दो प्रतिशत की गिरावट थी और शिकॉगो एक्सचेंज फिलहाल लगभग 1.75 प्रतिशत नीचे चल रहा है। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि किसान नीचे भाव में सोयाबीन दाना नहीं बेच रहे हैं।

तेल मिलों को पेराई करने में सोयाबीन तेल के दाम ऊंचा बैठते हैं जिस वजह से उन्हें तेल पेराई में नुकसान है। सूत्रों ने कहा कि सोयाबीन की अधिक खपत



अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर महीने में होती है। एक दिसंबर को देश में सोयाबीन का बचा हुआ स्टॉक 111.71 लाख टन था। अब जब अगले वर्ष जून, जुलाई में बिजाई होगी तो वह स्टॉक कहां खपेगा? आयातित तेल के दाम टूटे रहे तो निश्चय ही किसान कम बुवाई करने को बाध्य होंगे। सूत्रों ने कहा कि बृहस्पतिवार को वायदा कारोबार में बिनौला तेल खली का भाव 1.5 प्रतिशत बढ़ गया। इसकी मंडियों में आवक भी 1.09 लाख गांठ से घटकर एक लाख गांठ से कम रह गई। सूत्रों ने कहा कि सस्ते आयातित तेलों से होने वाले नुकसान को काबू में करने के लिए सरकार को तत्काल कदम उठाते हुए, रैपसीड की तरह आयातित सस्ते सूरजमुखी और सोयाबीन तेल पर 38.5 प्रतिशत या 40 प्रतिशत से अधिक आयात शुल्क लगाना चाहिये जो तेल उद्योग, किसानों, उपभोक्ताओं को राहत देगा और महंगाई को भी काबू में लायेगा। सूत्रों ने कहा कि देश में सूरजमुखी और अन्य 'सॉफ्ट' (हल्के) तेल का आयात लगभग 35-40 प्रतिशत का ही होता है और अधिकांश आयात पाम पामोलीन का होता है जिसे गरीब तबके के लोग और खानपान उद्योग में इस्तेमाल किया जाता है। पामोलीन का असर देशी तेल-तिलहनों पर कोई खास नहीं है इसलिए धनी तबकों में खपत होने वाले सूरजमुखी और सोयाबीन पर आयात शुल्क अधिकतम लगाने के बारे में सोचना चाहिये। इससे कई हित एक साथ पूरे होंगे। एक तो सरकार को राजस्व की प्राप्ति होगी, दूसरा विदेशी मुद्रा खर्च की बचत होगी, किसानों के देशी तिलहन बाजार में आसानी से खप जायेंगे और वे तिलहन उत्पादन बढ़ाने को प्रेरित होंगे और आगामी सरसों की रिकॉर्ड अनुमानित उत्पादन के बाजार में खपने की चिंता खत्म हो जायेगी। इसके अलावा हमें खल और डीओसी के लिए चिंता नहीं करनी होगी।

# भारतीय विमानन कंपनियों को अधिक संख्या में चौड़े बॉडी वाले विमानों की जरूरत : सिंधिया

नई दिल्ली।

भारतीय विमानन कंपनियों को अधिक संख्या में चौड़े बॉडी वाले विमानों की जरूरत है, ताकि वे लंबी दूरी वाले क्षेत्रों में अधिक हिस्सेदारी हासिल कर सकें। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत का नागरिक उड्डयन बाजार अगले दशक में दहाई अंकों की वृद्धि के लिए तैयार है। सिंधिया ने मुंबई से सैन फ्रांसिस्को के लिए एयर इंडिया की सीधी उड़ान का उद्घाटन करते हुए कहा कि एयरलाइंस के साथ बातचीत चल रही है और दिल्ली को देश का पहला अंतरराष्ट्रीय केंद्र बनाने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने कहा, हमारे पास भारत में आने वाले 86 अंतरराष्ट्रीय विमान वाहक हैं, जबकि सिर्फ पांच देशी एयरलाइन हैं, जो भारत के बाहर अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए उड़ान भरते हैं।

हालांकि, ये पांच एयरलाइन जो विदेशों में उड़ान भरते हैं, उनकी बाजार हिस्सेदारी 36 प्रतिशत है। हमें अंतरराष्ट्रीय यातायात बढ़ाने पर ध्यान देना होगा।

सिंधिया ने कहा, मैं अपने सभी विमानन कंपनियों से आग्रह कर रहा हूं कि हमें अधिक चौड़े आकार के विमानों की जरूरत है, ताकि हम लंबी दूरी के खंड पर कब्जा कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि विभिन्न देशों की तुलना में भारतीय विमानन कंपनियों की अंतरराष्ट्रीय से अंतरराष्ट्रीय यातायात में हिस्सेदारी केवल दो प्रतिशत है। सिंधिया ने कहा, हमें और मजबूत, तेज गति से आगे बढ़ने की जरूरत है।

## सोना 420 रुपये टूटा चांदी 869 रुपये कमजोर

नई दिल्ली।

दिल्ली सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 420 रुपये टूटकर 57,554 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले सत्र में पीली धातु का भाव 54,974 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

सोने की तर्ज पर चांदी भी 869 रुपये के नुकसान से 68,254 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना नुकसान के साथ 1,788 डॉलर प्रति औंस पर था। चांदी भी गिरावट के साथ 23.14 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, ''अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पावेल ने कहा है कि मुद्रास्फीति को लक्षित स्तर पर लाने के लिए अगले साल ब्याज दरों में और बढ़ोतरी संभव है।

# सेंसेक्स 878 अंक गिरकर 61799 पर बन्द

मुंबई।

घरेलू शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स करीब 879 अंक लुढ़क गया। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में वृद्धि तथा आक्रामक रुख के साथ वैश्विक बाजारों में गिरावट के बीच दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 878.88 अंक यानी 1.40 प्रतिशत का गोता लगाकर 61,799.03 अंक पर बंद हुआ। कारोबर के दौरान, एक समय यह 962.3 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 245.40 अंक यानी 1.32 प्रतिशत टूटकर 18,414.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा, टाइटन, इन्फोसिस, एचडीएफसी, आईटीसी, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और भारतीय स्टेट बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। केवल दो शेयर एनटीपीसी और सन फार्मा लाभ में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख ने बाजार को चौंकाया है क्योंकि निवेशक मुद्रास्फीति का आंकड़ा उम्मीद से बेहतर रहने से उदार रुख की उम्मीद कर रहे थे।'' उन्होंने कहा, ''फेडरल रिजर्व के बयान के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी की आशंका से घरेलू बाजार में आईटी शेयरों में बिकवाली ने निराशा का माहौल पैदा किया। बाजार को अब बैंक ऑफ इंग्लैंड (बीओई) और यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) के फैसलों की प्रतीक्षा है। ये दोनों भी नीतिगत दर आधा प्रतिशत बढ़ा सकते हैं।''

# विपक्षी सदस्य राज्यों में वैट कम कराएं पेट्रोल-डीजल का मूल्य कम हो जाएगा : हरदीप पुरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में कहा कि भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतें वैश्विक स्तर के दाम के मुकाबले कम हैं तथा विपक्षी सदस्यों को अपनी पार्टियों के शासन वाले प्रदेशों में वैट कम करवाना चाहिए ताकि कीमतें कम हो सकें। उन्होंने सदन में प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी सदस्यों की टोकाटाकी के बीच कहा कि पश्चिम बंगाल समेत छह राज्यों ने पेट्रोल-डीजल पर वैट में कोई कमी नहीं की, जबकि कई भाजपा शासित प्रदेशों और कुछ अन्य राज्यों ने इसे कम किया है। पुरी ने कांग्रेस सांसद के. मुरलीधरन के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा, '' पिछले आठ साल में पेट्रोल एवं डीजल के दाम में बढ़ोतरी बहुत कम हुई है। यह 1974 के बाद सबसे कम बढ़ोतरी है।'' उनका कहना था कि पेट्रोल-डीजल की कीमतें उत्पादन लागत, परिवहन लागत, बीमा शुल्क और मुद्रा विनिमय दर के आधार पर तय होती हैं। उन्होंने कहा कि इसके बाद डीलर के हिस्से का मुनाफा होता है तथा फिर केंद्रीय उत्पाद शुल्क है और राज्यों का वैट भी लगता है।






## आज का राशिफल

### मेष
आज आपको अपने उग्र स्वभाव पर संयम रखने की जरूरत है। शारीरिक और मानसिक रूप से शिथिलता का अनुभव होगा। अधिक परिश्रम के बावजूद अपेक्षित सफलता नहीं मिलेगी।

### वृषभ
काम की भागदौड़ के कारण परिजनों के प्रति ध्यान नहीं दे पाएंगे। हानिकर विचार, वर्तन और आयोजन से दूर रहें। पेट से संबंधित परेशानी हो सकती है। कहीं जाने का कार्यक्रम आज हो सके, तो टाल दें।

### मिथुन
सरकारी कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। आज आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ काम कर सकेंगे। इस काम का फल भी आपको अपेक्षानुसार मिलेगा। मायके से लाभदायी समाचार प्राप्त होंगे।

### कर्क
अभ्यास में विद्यार्थियों की रुचि रहेगी। सरकारी क्षेत्र में लाभ होगा तथा आर्थिक व्यवहार करने में सफलता प्राप्त होगी। संतान के पीछे खर्च होगा। नई परियोजना की शुरुआत के लिए आज दिन शुभ है।

### सिंह
सरकार की ओर से लाभ मिलने संभावना है। व्यावसायिक क्षेत्र में आपको अधिकारियों का अच्छा प्रतिसाद मिलेगा। दोस्तों, करीबियों या पड़ोसियों के साथ पुरानी अनबन की घटना में सकारात्मक परिणाम आएगा।

### कन्या
विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। हालांकि आर्थिक दृष्टिकोण से सावधानी बरतने का समय है। आज नकारात्मक मानसिकता के साथ व्यवहार न करें। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे।

### तुला
मन में दुःख और असंतोष की भावना हो सकती है। आंखों में पीड़ा होने की संभावना है। अभ्यास में अभिरुचि होते हुए भी विद्यार्थियों को अपेक्षित परिणाम नहीं प्राप्त होगा। अनैतिक प्रवृत्तियों से दूर रहें। धन का अधिक खर्च होगा।

### वृश्चिक
आज आप में आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी। किसी भी काम को करने के लिए जल्दबाजी से नुकसान हो सकता है। पिता और बड़ों से लाभ होगा। सामाजिक रुप से मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

### धनु
वाणी और व्यवहार उग्रता न हो, इसका ध्यान रखें। क्रोध की मात्रा अपेक्षाकृत अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज आपके अहम को कोई चोट न पहुंचे और आपका किसी से झगड़ा न हो, इसका ध्यान रखें।

### मकर
शारीरिक रूप से शिथिलता और मानसिक रूप से चिंता बनी रहेगी। मित्रों और स्वजनों के साथ वैचारिक स्तर पर मनमुटाव हो सकता है। स्वभाव में उग्रता और क्रोध की भावना रहेगी। धार्मिक काम में धन का खर्च होगा।

### कुंभ
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन का आकस्मिक व्यय हो सकता है। विवाद या झगड़े से हर संभव दूर रहें। आप के लिए आज का दिन शुभफलदायी होगा। विविध क्षेत्रों में मिलने वाले लाभ से आपकी प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

### मीन
आपकी आय में भी वृद्धि होगी। मित्रों के पीछे खर्च भी होगा और उनसे लाभ भी प्राप्त होगा। किसी प्रवास या पर्यटन स्थल पर जाने से दिन रोमांचक बन जाएगा। विवाहोत्सुकों को जीवन साथी प्राप्त होने के योग हैं।

## राजनीतिक संरक्षण में डिस्कॉम अधिकारी व ठेकेदारों के मिलीभगत के कारण जो भ्रष्टाचार किया गया है उसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए - धनंजय सिंह

हुकमाराम ताडा



**खींवसर( नागौर डेली न्यूज )** = किसानों के खेतों में लगाए गए ट्रांसफार्मर को इंस्टॉलेशन का काम किए बिना ही लाखों रुपए की सरकारी राशि हड़पने वाले राजनीतिक संरक्षण प्राप्त ठेकेदारो व डिस्कॉम अधिकारियों ने अन्नदाताओं के हितों के साथ खिलवाड़ किया है इनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए। यह कहना है भाजपा नेता धनंजय सिंह खींवसर का।

धनंजय सिंह खींवसर ने कहा कि किसानों के खेतों में लगे ट्रांसफार्मर को इंस्टॉलेशन करने के लिए डिस्कॉम की ओर से टेंडर जारी किया गया था, लेकिन इन राजनीतिक संरक्षण प्राप्त ठेकेदारों ने डिस्कॉम के भ्रष्ट अधिकारियों के साथ अपना जुगाड़ बिठाकर बिना काम किए ही लाखों रुपए का भुगतान उठा लिया। धनंजय सिंह ने कहा कि डिस्कॉम अधिकारियों ने ठेकेदारों के साथ मिलकर न केवल सरकारी राशि का दुरूपयोग किया है, बल्कि किसानों की उम्मीदों के साथ भी खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि जनता के हक की यह सरकारी राशि भ्रष्टाचार की भेट चढ़ चुकी है और वहीं बेचारे अन्नदाता उनके खेतों में पड़े ट्रांसफार्मर से कोई अनहोनी न हो जाए इस डर से मजबूर स्वयं के पैसों से इन्हें लगवाने का कार्य कर रहें है। धनंजय सिंह ने कहा कि यह तो केवल एक मामला है जो सामने आया है। इन दिनों क्षेत्र में चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है और राजनीतिक संरक्षण वाले ठेकेदार जमकर लूट खसोट कर रहे हैं। सरकार और प्रशासन नाम की कोई भी चीज नजर नहीं आ रही है, जिसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। खींवसर ने कहा कि राजनीति के संरक्षण के बिना अधिकारी कितने बेखौफ नहीं हो सकते हैं। प्राकृतिक आपदा के साथ इन मानव रूप आपदाओं से भी लड़ रहा है खींवसर का अन्नदाता धनंजय सिंह ने कहा कि अन्नदाताओं पर यह प्राकृतिक आपदा नहीं राजनीतिक जनित आपदा है,अन्नदाताओं को शोषण करने वाले इन राजनैतिक लोगों को जनता कभी माफ नहीं करेगी।

# वर्षों पुराने पेड़ को किया धराशायी, ग्रामीणों में रोष

शद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी।** ग्राम चावण्डिया के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के मुख्य द्वार के सामने स्थित वर्षों पुराने बरगद पेड़ को विद्यालय प्रशासन द्वारा मुख्य द्वार के सौन्दर्यीकरण के नाम पर धराशायी कर दिया गया। विद्यालय द्वारा मानसून के समय इस बरगद को ऊपर से पूरा काट दिया गया था। उस समय भी पेड़ काटने का विरोध हुआ था। कई ग्रामीणों ने इस कार्य का विरोध किया। उनका कहना था कि ग्राम में आम बैठक और चर्चा के बिना पेड़ काटना पूरी तरह अनुचित है। एक ओर जहां सरकार पेड़ लगाने के लिए प्रेरित कर रही है वहीं विद्यालय प्रशासन द्वारा पेड़ काटना अत्यन्त निराशाजनक है। गुरुवार को इस विशाल बरगद को उखाड़ दिया है, इस विषय में सरपंच प्रतिनिधि बहादुरसिंह से बात करने पर कहा कि इसमें सरपंच एवं ग्रामीणों की सर्व सम्मति नहीं है। 5-10 व्यक्तियों की बैठक में निर्णय लेकर हरा पेड़ काटा गया है। दूसरी ओर ग्रामीणों का कहना है कि बिना अनुमति अनावश्यक रूप से विशाल पेड़ काटना पूरी तरह अनुचित है। बरगद को काटने को लेकर ज्यादातर ग्रामीण विरोध कर रहे है।

युवाओं का कहना है कि विद्यालय के मुख्य द्वार के लिए अन्य उपाय भी खोजे जा सकते थे, लेकिन दिखावे के लिए वर्षों पुराने बरगद को धराशायी कर दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस काम के लिए ग्रामवासियों से आम बैठक कर विचार कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाना चाहिए था।



## राउमावि खारिया में 35 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खारिया में महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी वीरा महिला विंग के तत्वावधान में गोपाल-पूजा डीडवानिया कुचामन सिटी के सौजन्य से 35 विद्यार्थियों को स्वेटर्स वितरित किए गए। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल वीरा विंग की अध्यक्षा सरोज पाटनी, कोषाध्यक्ष शारदा वर्मा, सीता गंगवाल, सीमा काला ने विद्यार्थियों को स्वेटर्स वितरित किए। प्रधानाचार्य दिनेश लाडना ने भामाशाहों का स्वागत किया और कहा कि ऐसे भामाशाह विद्यार्थियों की आवश्यकता समझते है।

हम विद्यालय परिवार के सभी कर्मचारी हर सम्भव मदद करने का प्रयास करते रहेंगे और भामाशाहों को भी प्रेरित करेंगे। शारदा वर्मा ने विद्यार्थियों को मेहनत करके अच्छे परिणाम के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य दिनेश चन्द्र लाडना ने समागत अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सुचेता, मूलाराम, आनंदराम डोडवाड़िया, बिरदाराम, शंकरदास, सुनीता जैन, सुनील कुमार जोशी, शीला कंवर, रामेश्वरलाल, भागीरथराम, विनोद कुमार, प्रवीण कुमार, पुष्पेन्द्र सिंह, दीपेन्द्र सिंह, रतनलाल सहित समस्त विद्यालय स्टॉफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार जोशी ने किया।

## चौधरी को पदस्थापित किया नागौर से कुचामनसिटी आयुक्त

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** स्वायत्त शासन विभाग ने एक आदेश जारी कर नगर परिषद् नागौर के आयुक्त श्रवणराम चौधरी को आयुक्त कुचामनसिटी पदस्थापित किया है। स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक एवं संयुक्त सचिव ने एक आदेश जारी कर चौधरी को कुचामनसिटी पदस्थापित किया है। उल्लेखनीय है कि चौधरी के पास पूर्व में नगर परिषद् कुचामनसिटी का अतिरिक्त कार्यभार था। आयुक्त नगर परिषद् नागौर का चार्ज नगर परिषद् नागौर की सचिव अनिता बिरड़ा को दिया गया है।

## जोगेश्वर धाम मुआना से डूडियों की ढाणी तक सड़क स्वीकृत

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** राजस्थान विधानसभा में उपमुख्य सचेतक एवं क्षेत्रीय विधायक महेन्द्र चौधरी के प्रयासों से जोगेश्वर धाम मुआना से डूडियों की ढाणी कुकनवाली तक सड़क निर्माण की स्वीकृति जारी की गई है। जानकारी के अनुसार 8 किलोमीटर लम्बी इस सड़क के लिए 2.44 करोड़ रुपयों की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। उल्लेखनीय है कि विधायक चौधरी द्वारा जोगेश्वर धाम के सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने बाबत विशेष प्रयास किए जा रहे है।

## मकर संक्रान्ति को बनाए बर्ड फ्रेण्डली

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी।** शहर में इस बार मकर संक्रान्ति को बर्ड फ्रेण्डली बनाने का आह्वान किया गया है। युवा समाजसेवी मनोहर पारीक ने कहा कि इस मंकर संक्रांति पर कुछ ऐसा करे कि बेजुबान पक्षियों की निरंतर सेवा करने का जरिया बन सके और सही मायने में पुण्य कमा सके। मकर सक्रांति पर महिलाएं अपने परिचितों, पारिवारिक सदस्यों को 14 वस्तुएं पूजा करके उपहार स्वरूप देती है। इनमें से अधिकांश वस्तुएं घर पर ले जाकर रख दी जाती है। मंकर संक्रांति सही मायने में पुण्य कमाने का पर्व है तो क्यो ना इस बार हम कुछ ऐसा करे जिस से सही मायने में हम पुण्य कमाया जा सके। पारीक ने बताया कि सही मायने में पक्षियों की सेवा के लिए बर्ड फीडर भेंट करें। बर्ड फीडर में प्रतिदिन पक्षियों के लिए दाना डाला जा सकेगा और प्रतिदिन पुण्यार्जन कर सकेंगे।

## कारीगरो व भवन निर्माण ठेकेदारों को दिया प्रशिक्षण



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ ( नागौर डेली न्यूज )** स्थानीय खंडेलवाल सीमेंट एजेंसी के तत्वावधान में लाडनूं के स्टेशन रोड पर भवन निर्माण कारीगर व ठेकेदारों की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें कंपनी के प्रतिनिधियों ने उच्च क्वालिटी व सीमेंट की गुणवत्ता के बारे में जानकारी प्रदान की। इस मौके पर शहर में सबसे अधिक पर्चेज करने वाले लोगों का परिचय भी करवाया गया। इस अवसर पर कंपनी के प्रतिनिधि के रूप में तकनीकी अधिकारी कमल गुर्जर ने ठेकेदारों को निर्माण कार्यों की साइट पर सीमेंट वर्क कंप्लीट की मात्रा एवं उनके उपयोग के बारे में जानकारी दी। मार्केटिंग सेल्स ऑफिसर दीपक दाधीच चंद्र शेखर कुमावत सहायक इंजीनियर ने भी कार्यक्रम को निर्माण कार्य के दौरान सेफ्टी रखने की हिदायत दी। कार्यक्रम में गोपाल खंडेलवाल, नौशाद नागौरी, ओमप्रकाश ठोलिया सहित शहर व ग्रामीण क्षेत्र से भवन निर्माण कार्यों से जुड़े हुए ठेकेदार व कारीगर आदि बड़ी संख्या में मौजुद रहे।

## राजस्थान राज्य विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा रहे मेड़ता दौरे पर

सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज़ )** = राजस्थान राज्य विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष व राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त महेश शर्मा आज मेड़ता सिटी के दौरे पर रहे। महेश शर्मा के मेड़ता सिटी पहुंचने पर गांधी दर्शन के जिला संयोजक जगदीश नारायण शर्मा, चेयरमैन गौतम टाक, युवा नेता नरेश गोलियां , लाला राम नायक , माणक सेन, सीताराम खींची व सहित अनेक लोगों ने यहां पर माला व साफा पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस मौके पर विप्र समाज के पूर्व पालिकाध्यक्ष अनिल थानवी, जगदीश सारस्वत, ओमप्रकाश खंडेलवाल, सहित ही अन्य लोगों ने भी यहां पर शर्मा का अभिनंदन किया। राज्यमंत्री महेश शर्मा ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि राजस्थान में एक बार फिर से कांग्रेस की सरकार पूरी बहुमत के साथ बनेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से हर निचले तबके का व्यक्ति लाभान्वित हुआ है ऐसे में जनता का रुझान एक बार फिर से कांग्रेस की ओर है। उन्होंने बताया कि गहलोत सरकार सभी तबको व वर्गों का ध्यान रखती है। ये संवेदनशील सरकार है इसलिए विभिन्न तरह के बोर्ड के गठन किए गए हैं। उन्होंने बताया कि विप्र कल्याण बोर्ड की भी कई योजनाएं हैं जल्द ही जरूरतमंदों को बोर्ड से लाभ मिलेगा। शर्मा यहां कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जगदीश नारयण शर्मा के आवास पर भी गए जहां एक निजी कार्यक्रम में भाग लिया।इस मौके पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष हेमाराम बेड़ा, मोहनलाल माली,पार्षद ओम प्रकाश गहलोत, स्वच्छता अभियान के ब्रांड मिस्टर विकास अजमेरा,उगमाराम पारीक, ओमप्रकाश खंडेलवाल, अनिल सारस्वत सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



# घरेलू गेस सिलेंडर का उपयोग करने वाले दुकानदारों पर प्रशासन ने की कार्यवही

## उपखंड अधिकारी मय टीम ने बाजार मे किया निरिक्षण

शौकत खान





**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** शहर में काफी दिनो से घरेलू सिलेंडर को लेकर प्रसासन के पास शिकायते पहुँच रही थी ओर इसके बाद राजस्थान में हुवे सिलेंडर विस्फोट से कही मौते हो जाने से प्रसासन भी अलर्ट मोड पर नजर आ रहा है ।

गुरुवार को डेगाना में उपखंड अधिकारी पंकज गढ़वाल के नेतृत्व में प्रवर्तन निरीक्षक रामलाल जाट, सूचना सहायक दिनेश चौधरी की टीम द्वारा घरेलू सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग करने वाले मिष्ठान भंडार पर छापा मारा गया। इस दौरान मिष्ठान भंडार से 6 अवैध सिलेंडर मौके पर जब्त करते हुए जब्ती की कार्रवाई की गई। अन्य एक दो जगह चाय की थड़ी वालों एवं मिष्ठान भंडार वालों को भी सख्त हिदायत दी गई। डेगाना मे चाय कचौरी, पकोडी सहित कही चाइनीज आइटम बनाने वाले हाथठेले वालो के पास भी घरेलू सिलेंडर नजर आ आते हे जिनको उपखंड अधिकारी डेगाना पंकज गढ़वाल ने अवगत कराया कि जिला कलेक्टर नागौर के आदेशों की अनुपालन में भविष्य में घरेलू सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग करने वाले दुकानों,मिष्ठान भंडारों, चाय की थड़ी और अन्य सभी प्रकार के प्रतिष्ठानों पर समय-समय पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने आमजन से अपील की कि घरेलू सिलेंडर को व्यवसायिक उपयोग करने हेतु अपनी गैस डायरी किसी भी दुकानदार या अन्य व्यक्ति को ना देवे।

**इनका कहना है -**

घरेलू सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग करना कानून जुर्म हे ओर प्रसासन द्वारा समय समय पर इसकी जाँच की जायेगी। जिस किसी भी दुकान या थडी पर घरेलू सिलेंडर का उपयोग करते हुवे पाया जायेगा उसपर कानून कारवाई की जायेगी।

**पंकज गढ़वाल**
**उपखंड अधिकारी डेगाना**

## एस.एम.एस के प्रशिक्षित ई.एन.टी विशेषज्ञ लाडनूँ में दे रहे सेवा
### फरहान के कान का जटिल ऑपरेशन हुआ सफल

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ ( नागौर डेली न्यूज )**= सेठ गणपतराय उप जिला चिकित्सालय लाडनूँ में प्रदेश की टॉप हॉस्पिटल सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर के प्रशिक्षित चिकित्सक सेवाएं दे रहे हैं। यहां पिछले एक महीने में करीब आधा दर्जन मरीजों के कान के सफल ऑपरेशन पहली बार संभव हुए हैं। मरीज फरहान के पिता अब्दुल रहमान खान निवासी शहरिया बास ने बताया कि उनका पुत्र जन्म से बाएं कान में सायनस बीमारी से ग्रसित था। जिसमे बार बार इंफेक्शन होने से मवाद बन रही थी। जिसके चलते उन्हें अनेक लोगों ने सीकर व जयपुर जाने की सलाह दी मगर यहां स्थानीय राजकीय चिकित्सालय लाडनूँ में डॉ. जुगल किशोर नाक , कान व गला रोग विशेषज्ञ द्वारा उसका ईलाज लिया गया तो उन्होंने सफल ऑपरेशन कर ईलाज करते मर्ज को दूर कर दिया। परिजनों का कहना हैं कि लाडनूँ में सरकारी अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक टीम द्वारा नि:शुल्क ऑपरेशन होने से उन्हें यहां से दूर नहीं जाना पडा। डॉ. जुगलकिशोर ने बताया कि फरहान के कान का ऑपरेट करने के दौरान साइनस बड़ा होने से कुछ जटिलताये सामने जरूर आई इससे ऑपरेशन में करीब आधा घण्टे का समय लगा। साइनस के साथ मे कार्टिलेज को बाहर निकाल कर मरीज को राहत प्रदान की गई है। इस दौरान डॉ.भरत कसेरा व नर्सिंग इंचार्ज ताराचंद का विशेष सहयोग रहा। डॉ जुगल का हाल ही 15 नवम्बर को लाडनूँ में पदस्थापन होने के बाद से साइनस सहित करीब आधा दर्जन मरीजों के ऑपरेशन कर उन्हें राहत प्रदान की है। इससे पूर्व वे एसएमएस हॉस्पिटल जयपुर में प्रशिक्षणकाल में तीन साल सेवाएं देने के बाद एक वर्ष एस.आर शिप की सेवाएं दे चुके हैं।



## शत-प्रतिशत पंजीकरण के लिए पार्षदों के साथ एसडीएम ने ली समीक्षा बैठक

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** नगरपालिका के सभागार में मुख्यमंत्री चिरंजीवी बीमा योजना से वंचित परिवारों का शत-प्रतिशत पंजीकरण करवाने के लिए पार्षदों के साथ उपखंड अधिकारी विनीत कुमार सुखाड़िया ने ली समीक्षा बैठक। मूंडवा उपखंड अधिकारी विनीत कुमार सुखाड़िया ने शहर के सभी वार्ड पार्षद एवं पालिका अध्यक्ष उपाध्यक्ष के साथ समीक्षा बैठक में चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना से वंचित परिवारों को जल्द से जल्द जोड़ने के लिए निर्देशित किया उपखंड अधिकारी ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी बीमा योजना के लाभ भी बताए गए और बताया गया कि मुख्यमंत्री द्वारा इस स्मार्टफोन का वितरण भी उन्हीं को दिया जाएगा जिनका बीमा पंजीकरण हो चुका है अन्यथा उन्हें स्मार्टफोन वितरण नहीं किए जाएंगे । उपखंड अधिकारी द्वारा वार्ड पार्षदों को उनके वार्ड में वंचित परिवारों की लिस्ट भी दी गई जिससे वार्ड में वंचित परिवारों की पहचान हो सके। इसके अलावा पार्षद सुरेंद्र मुंडेल में खसरा नंबर 114 का मुद्दा भी बैठक में उठाया गया मुंडेल ने कहा कि यह जगह सरकारी है और उस पर कब्जा प्राइवेट कंपनी ने कर रखा है इस जगह का उपयोग सरकारी काम के लिए होना चाहिए एवं शहर के सीएचसी में रात्रि के समय डॉक्टर की ड्यूटी नही होने की भी शिकायत की। पार्षद घेवरराम व सायरी देवी ने वार्ड नं 15 मे रहने वाले लोगों को घरों के पट्टे बनाने का भी मुद्दा उठाया गया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी सुनील चौधरी तहसीलदार मनीराम खिंचड़, पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष कंदोई, पालिका उपाध्यक्ष जगदीश मुंडेल, पार्षद कैलाश मुंडेल, जगदीश मुंडेल, सुरेंद्र मुंडेल, मैना देवी, शायरी देवी, दिलीप खींची, घेवरराम मेघवाल आदि मौजूद रहे।



## स्कूल जाते समय लापता हुए नाबालिग बालक का नहीं कोई सुराग
## नाराज ग्रामीणों ने आईजी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

जुगल दायमा

**हरसौर( डेली न्यूज नागौर )** = निकटवर्ती पीह क्षेत्र के सिन्दोलिया की ढाणी के रहने वाले से 13 वर्षीय नाबालिग बालक लक्ष्मण पुत्र

उगमाराम गुर्जर का पुलिस अभी तक कोई सुराग नहीं लगा पाई है। इस संबंध में बालक के परिजनों ने मामला दर्ज कराया था। गुरुवार को नाराज ग्रामीणों ने भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं सरपंच अमरचंद जाजड़ा की के नेतृत्व में अजमेर पुलिस महानिरीक्षक रुपिंदर सिंह के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में पहुँचे ग्रामीणों ने आईजी से मुलाकात कर ज्ञापन भी सौंपा। ग्रामीणों ने बालक को जल्द दस्तयाब करने की मांग करते हुए नाराजगी जताई। आईजी ने दूरभाष पर पुलिस अधिकारियों से बात कर बालक को जल्द दस्तयाब करने के निर्देश दिए। बालक 6 दिसम्बर को स्कूल जाते समय गायब हो गया था।



# हत्या की वारदात का 8 घंटे में पर्दाफाश, पांच आरोपी गिरफ्तार

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** शहर में गत दिवस हत्या की वारदात का पुलिस ने 8 घण्टे में पर्दाफाश करते हुए पांच मुल्जिमों को गिरफ्तार किया है। ए.एस.पी. गणेशाराम ने बताया कि पुलिस टीम के बेहतर सामंजस्य, फील्ड इंटेलिजेंस एवं तकनीकी अनुसंधान से यह सफलता मिल पाई है। वारदात में प्रयुक्त वाहन बोलेरो भी पुलिस द्वारा जब्त कर ली गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार वृत्ताधिकारी एवं पुलिस उपअधीक्षक कुचामनसिटी संजीव कटेवा एवं थानाधिकारी मनोज माचरा एवं सेक्टर पुलिस कुचामनसिटी के मुलाजमानों द्वारा हत्या के गम्भीर प्रकरण में कानून-व्यवस्था बनाये रखने एवं सामुहिक रूप से त्वरित कार्यवाही कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर घटना में प्रयुक्त वाहन बोलेरो जब्त कर ली गई है। ए.एस.पी. गणेशाराम के अनुसार 13 दिसम्बर 2022 की शाम करीब 6.45 से 7 बजे के करीब शहर के रेगरों का मौहल्ला भांवता रोड़ स्थित लाईब्रेरी से पढकर जा रहे तीन युवाओं के साथ बोलचाल होने पर अज्ञात बिना नम्बरी बोलेरो गाड़ी में आए अकील एवं उसके 3-4 अन्य साथियों द्वारा तीन युवकों के जान से मारने की नीयत से टक्कर मार दी गई, जिससे अम्बालाल रेगर,



सूर्यकांत उर्फ पिन्टू रैगर एवं रोहित रैगर गम्भीर घायल हो गए। गम्भीर घायल सूर्यकान्त को राजकीय चिकित्सालय कुचामनसिटी में प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर कर दिया गया। 14 दिसम्बर को एस.एम.एस. हॉस्पिटल जयपुर में सूर्यकांत की दर्दनाक मौत हो गई। इस सम्बन्ध में प्रार्थी एवं चश्मदीद गवाह अम्बालाल द्वारा रिपोर्ट दर्ज करवाने के बाद पुलिस टीम हरकत में आ गई। घटना की गम्भीरता को देखते हुये जिला पुलिस पुलिस अधीक्षक नागौर के आदेशानुसार घटना का पूर्ण खुलासा कर मुल्जिमान की गिरफ्तारी के लिए पुलिस थाना कुचामनसिटी एवं सेक्टर कुचामनसिटी के विभिन्न थानों के जाब्ता से अलग-अलग टीमें बनाई जाकर पुलिस अधीक्षक नागौर के कार्यालय की साईबर सेल टीम के साथ मिलकर मुलजिमान की तलाश शुरु की गई। रिपोर्ट में नामजद आरोपी अकील कसाई से सख्ती पूर्वक पूछताछ करने पर उसने घटना में प्रयुक्त वाहन स्वयं एवं अपने साथी नगेन्द्रसिंह, कुलदीप के साथ मिलकर दिनांक 13 दिसम्बर को मध्याह्न बाद योजना बनाकर फुलेरा से किराये पर लेना बताया। मुल्जिम ने स्वीकार किया गया कि बोलेरो चालक के साथ साम्भर के पास झील के खारड़े में सूनसान जगह पर मारपीट करते हुए गाड़ी लूटकर ले आए तथा इसके पश्चात पुलिस से बचने के ईरादे से गुढा साल्ट एवं जाब्दीनगर के सूनसान खारड़ों में से होते हुए कच्चे रास्तों से पदमपुरा खारड़ा पहुंचे तथा यही गाड़ी छुपा दी। अन्धेरा पड़ने पर अपने अन्य साथी राहुल कुमावत एवं कमलेश रैगर के साथ शराब पीने के पश्चात रैगरों का मौहल्ला भांवता रोड कुचामनसिटी पहुंचे। यहां मुल्जिमानों की सड़क किनारे पैशाब कर रहे युवकों से कहासुनी हो गई। इसी कारण उन्होंने युवकों को जान से मारने की नीयत से गाड़ी की टक्कर मार दी तथा भाग छूटे। फरार मुल्जिमानों को टीमें बनाई जाकर प्रथम टीम द्वारा कुलदीप रावणा राजपूत (दमामी) एवं राहुल कुमावत को वारदात में प्रयुक्त वाहन बोलेरो के साथ सुरसुरा जिला अजमेर के पास गिरफ्तार किया गया। दूसरी टीम द्वारा कमलेश रैगर को नावां शहर के पास एवं तीसरी टीम द्वारा आरोपी नगेन्द्रसिंह को ट्रेन में बैठकर फरार होते समय मण्डावरा रेलवे स्टेशन से दस्तयाब किया गया। दस्तयाबशुदा मुलजिमान से कड़ी पूछताछ करने पर उनके द्वारा पीड़ित पक्ष के साथ बोलचाल होने पर बदले की भावना से हत्या का इरादा रखते हुए बोलेरो की टक्कर मारना स्वीकार किया गया।

ये पांच हुए गिरफ्तार-इस सम्बन्ध में पुलिस ने मुल्जिम अकील पुत्र फकीर मोहम्मद जाति मुसलमान उम्र 35 साल निवासी कसाई मौहल्ला कुचामनसिटी, कुलदीप पुत्र गोतम सिंह जाति रावणा राजपूत (दमामी) उम्र 22 साल निवासी जीवधारा कॉलोनी सांभर पुलिस थाना सांभर जिला जयपुर ग्रामीण, राहुल पुत्र दिनेश कुमावत जाति कुमावत उम्र 20 साल निवासी शिव मन्दिर के पास खारिया रोड़ कुचामन सिटी, कमल पुत्र ताराचन्द जाति रेगर उम्र 18 साल निवासी गंगा माता मन्दिर के पास खारिया रोड कुचामनसिटी तथा नगेन्द्रसिंह उर्फ नीकू पुत्र ओमसिंह जाति रावणा राजपूत उम्र 19 साल निवासी कुड़ली पुलिस थाना डीडवाना हाल वी.टी. स्कूल के पीछे सुरेन्द्र नगर कुचामनसिटी को गिरफ्तार किया गया।

**20 पुलिसकर्मियों की टीम को सेल्यूट-**

मुल्जिमानों की गिरफतारी में जिलेभर की पुलिस टीम का योगदान रहा लेकिन 20 पुलिसकर्मियों ने दिनरात एक कर मात्र 8 घण्टे में सभी मुल्जिमानों को धर दबोचा। एस.पी. कार्यालय से जारी प्रेस नोट के अनुसार मनोज माचरा पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी, पुलिस थाना कुचामनसिटी, राजकुमार उप निरीक्षक पुलिस थाना कुचामनसिटी, रामस्वरूप सहायक उप निरीक्षक पुलिस थाना परबतसर, पूनम चन्द सहायक उप निरीक्षक पुलिस थाना कुचामनसिटी, नरेश कुमार हैड कांस्टेबल पुलिस थाना कुचामनसिटी, राजेन्द्र प्रसाद हैड कांस्टेबल पुलिस थाना कुचामनसिटी, सोहनलाल हैड कांस्टेबल कुचामनसिटी का योगदान रहा। इसी प्रकार पुलिस थाना कुचामनसिटी में पदस्थापित कांस्टेबल सोहनराम, दुगार्राम, लालसिंह, मोहमद सलीम, नरसीराम, कमलेश कुमार, अर्जुनराम, राजकुमार, रोशन लाल, राकेश, मण्डावरा चौकी में पदस्थापित कांस्टेबल सुनील सहित साइबर सेल नागौर में पदस्थापित हैड कांस्टेबल मूलाराम एवं श्यामप्रताप गौड़ का का योगदान रहा।

## रॉयल, ओम गणेश बी मूण्डवा, हिटमैन व लीलन क्लब मूंडवा की टीमों ने जीते मुकाबले



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा ( नागौर डेली न्यूज )।** मूण्डवा शहर के पौखण्डी तालाब के ग्राउंड पर आयोजित ओम गणेश क्रिकेट कप प्रतियोगिता के तीसरे दिन गुरुवार को चार मैच खेले गए। आयोजनकर्ता विशाल कंदोई ने बताया कि प्रतियोगिता तीसरे दिन गुरुवार को पहला मैच रॉयल क्रिकेट क्लब मूण्डवा वर्सेज झुझंडा लॉयन क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए रॉयल क्रिकेट क्लब मूण्डवा की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 111 रन बनाए। जिसके जवाब में झुझंडा लॉयन क्रिकेट क्लब की टीम 93 रन पर ऑल आउट हो गई और रॉयल क्रिकेट क्लब मूण्डवा की टीम ने 18 रनो से मैच जीत लिया। दूसरा मैच ओम गणेश बी मूण्डवा वर्सेज कुचेरा क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें कुचेरा ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 67 रन बनाए। जिसके जवाब में ओम गणेश बी मूण्डवा की टीम ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया और ओम गणेश बी मूण्डवा की टीम 6 विकेट से विजेता रही। तीसरा मैच मूंडवा हिटमैन वर्सेज थिरोद क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें हिटमैन मूण्डवा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 104 रन बनाए। जिसके जवाब में थिरोद की टीम 74 रनों पर ऑल आउट हो गई और 30 रन से मूंडवा हिटमैन की टीम ने यह मैच जीत लिया। चौथा मैच लीलन क्रिकेट क्लब मूंडवा वर्सेस कड़लू क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें लीलन क्रिकेट क्लब मूंडवा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 82 रन बनाए जिसके जवाब में कड़लू की पूरी टीम 61 रन पर ऑल आउट हो गई और लीलन क्लब मूंडवा की टीम ने 21 रनों से यह मैच जीत लिया। इस दौरान सुभाष कंदोई, लखन कंदोई, क्रिकेट प्रेमी शिव कुमार चौधरी, कैलाश मुंडेल, आरिफ जोपरा, रोहित भार्गव, मनोज गौड़, अनिल जाट सहित कई खेलप्रेमी मौजूद रहे।

## मूंडवा तहसीलदार ने पोषाहार का किया निरीक्षण, परीक्षा केंद्रों का किया अवलोकन



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** निकटवर्ती गांव दियावड़ी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मूंडवा तहसीलदार मनीराम खीचड़ ने पोषाहार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों का भी अवलोकन किया और व्यवस्थाएं सही पाने पर संतुष्टि जाहिर की। वहीं पोषाहार गुणवत्तापूर्ण पाए जाने पर शाला प्रधान को धन्यवाद दिया, इस मौके पर शाला प्रधान को निर्देश दिए कि सभी छात्र छात्राओं को जन आधार से जोड़ा जाए। इस मौके पर शाला प्रधान दिनेश कुमार कुलहरिया ने स्कूल की सारी व्यवस्थाओं का निरीक्षण करवाया। इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी महावीरचंद सर्वा, पोषाहार प्रभारी रामचंद्र सारण , कमलेश कुमारी, लुंबाराम, महेंद्र जांगिड़, पप्पूलाल , प्रेमसुख सहित शाला स्टाफ के सदस्य मौजूद थे।

# मीन के लिए अपने ही खून के प्यासे हुए दो परिवार, 11 गम्भीर घायल, मुकदमा दर्ज





सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** पुलिस थाना चित्तावान्तर्गत ग्राम नगवाड़ा में जमीन के पारिवारिक विवाद ने गुरुवार को गम्भीर रूप ले लिया। तीन पीढियां दूरी वाले एक ही परिवार के दो गुटों के बीच जमकर लाठी, भाटा एवं कुल्हाड़ियां चली। झगड़े में 11 जने गम्भीर घायल हो गए। कुछेक घायलों के तो हाथ-पैर एवं सिरों में बहुत अधिक चोटें आई है। इस सम्बन्ध में चंदादेवी पत्नी अर्जुनराम जाति जाट निवासी नगवाड़ा तहसील नावां जिला नागौर ने मुकदमा दर्ज कराया है कि गुरुवार को प्रात: करीब 9.30 बजे वह एवं उसका पति अर्जुनराम, लड़का रामनिवास, पुत्रवधु गीतादेवी पत्नी रामनिवास, रामेश्वर पुत्र मोहनराम, संतोष पत्नी रामेश्वरलाल, चुन्नाराम पुत्र मोहनराम, पतासीदेवी पुत्री रामेश्वरलाल, भागीरथराम पुत्र रामेश्वरलाल हमारे खेत में काम कर रहे थे कि अचानक मुल्जिमान राजूराम पुत्र जीवणराम, रामलाल पुत्र बेगाराम, बेगाराम पुत्र जीवणराम, जीवणराम पुत्र चौखाराम, रूपाराम पुत्र चौखाराम, चेनाराम पुत्र रूपाराम, पेफादेवी पत्नी जीवणराम, पतासी पत्नी बेगाराम, मंजू पत्नी राजूराम, ऊषा पुत्री राजूराम, देविता पुत्री राजूराम, चंपादेवी पत्नी जीवणराम जाति सभी जाट निवासी नगवाड़ा, सुरेश पुत्र रामदेवराम जाट निवासी इण्डाली, मोतीराम पुत्र देवाराम, भंवरलाल पुत्र ज्ञानाराम निवासियान परेवड़ी, धापूदेवी पत्नी हीराराम निवासी रघुनाथपुरा, पूसाराम राठी निवासी काला भाटा की ढाणी एवं इनके साथ 10-15 अन्य व्यक्ति हाथों में कुल्हाड़ी, लाठी, सरिया, गण्डासा, फरसी लेकर उन्हें जान से मारने की नीयत से आए तथा उनके खेत में अनाधिकृत रूप से प्रवेस किया। उनके मना करने पर धापूदेवी, पतासीदेवी, मंजूदेवी, ऊषा ने उसके साथ गाली-गलौच की तथा प्रार्थिया के साथ धक्का-मुक्की की।

उसके हो-हल्ला करने पर उसका बेटा रामनिवास दौड़कर आया तो रामलाल,रूपाराम, जीवणराम ने रामनिवास को जान से मारने की नीयत से कुल्हाड़ी एवं गण्डासे से उसके सिर, हाथ, पैर पर वार किए, जिससे उसके काफी गम्भीर चोटें आई एवं रामलाल एवं रूपाराम ने उसे बेज्जत करने के आशय से कपड़े फाड़ दिए तथा उसके गले का मंगलसूत्र, कंठी छीन लिया। रामनिवास का मोबाइल छीन लिया। इतने में उसके पति अर्जुनराम, पुत्रवधु गीता, रामेश्वर, संतोष, चुन्नाराम, पतासी, रामेश्वरलाल, भागीरथ उन्हें छुड़ाने के लिए मौके पर आ गए तो इन सब लोगों ने उनके साथ मारपीट की। उसके रिश्तेदार एवं खेत में काम करने वाले चुनाराम के साथ मुल्जिम राजूराम, बेगाराम, मोतीराम, रामलाल, भंवरलाल, चेनाराम ने जानलेवा हमला कर उसके हाथ-पैर तोड़ दिए तथा सिर एवं मुंह पर भी गम्भीर चोटें मारी। गीतादेवी, संतोष एवं पतासी के साथ इन लोगों ने अभद्र व्यवहार किया तथा उनको बेज्जत करने के आशय से कपड़े फाड़ दिए। पतासी देवी को जबरदस्ती उठाकर ले जाने की कोशिश करने लगे। पतासीदेवी के मुंह, हाथ, पैर, आंख पर चोटें कारित की। इतने में ही भागीरथ ने जान बचाकर पड़ौसियों के घर से महेन्द्र को फोन किया।

महेन्द्र पांच-सात व्यक्तियों को लेकर उन्हें बचाने के लिए आया तथा पुलिस थाना चित्तावा में सूचना दी। मुल्जिमानों ने हमें ऐलानियां धमकी दी है कि इस खेत में घुस गए तो तुम लोगों को जान से मार देंगे, जबकि यह खेत उनका है। पिछले 50 वर्षों से उनका परिवार इस खेत पर काबिज है। रामनिवास एवं चुन्नाराम की हालत गम्भीर होने के कारण उन्हें जोधपुर रैफर किया गया है। पतासी देवी जेर इलाज है।

## तीन दिवसीय शिविर का हुआ आयोजन



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** राजकीय महाविद्यालय डेगाना में नवप्रवेशित स्वयंसेवकों का तीन दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम गुरुवार को प्राचार्य जितेन्द्र सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। एन.एस.एस. प्रभारी ओमप्रकाश ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उदेश्य, कार्य कर्तव्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी, खेल प्रभारी रमेश ईनाणियां ने एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों को अनुशासन, राष्ट्र सेवा समाज सेवा की विस्तृत जानकारी दी। सहायक आचार्य संदीप कुमार एवं सुरेश कन्दोई ने एन.एस.एस. की कार्य योजना, उदेश्य तथा राष्ट्र के प्रति अपने विचार रखा। कार्यक्रम में संकाय सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एन.एस.एस. प्रभारी ओमप्रकाश ने किया। कार्यक्रम के दोरान स्वयंसेवकों ने द्वितीय सत्र में महाविद्यालय की गांधी वाटिका में श्रमदान किया अन्त में स्वयंसेवकों ने जलपान ग्रहण किया।

## उपखंड क्षेत्र के मरीजों को मिले चिकित्सका सुविधा- विधायक बेनीवाल

हुकमाराम ताडा

### विधायक नारायण बेनीवाल व एसडीएम ने किया खींवसर में सोनोग्राफी मशीन का उद्घाटन



**खींवसर( नागौर डेली न्यूज )** = खींवसर क्षेत्र के मरीजों को सोनोग्राफी करवाने के लिए अब दर-दर भटकना नहीं पड़ेगा। खींवसर के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सोनोग्राफी मशीन व एक्सेरा मशीन की सुविधा शुरू हुई है। खींवसर शहर में गुरुवार को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। चिकित्सका प्रभारी डॉ जुगल किशोर सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक नारायण बेनीवाल व कार्यक्रम की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी डॉ धीरज कुमार सिंह द्वारा की गई। वही कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सरपंच प्रतिनिधि चंपालाल देवड़ा मौजूद रहे। इस मौके पर चिकित्सका प्रभारी डॉक्टर जुगल किशोर सैनी ने विधायक नारायण बेनीवाल का साफा बंधवा कर स्वागत किया। इस दौरान डॉक्टर रामजीत टाक द्वारा उपखंड अधिकारी डॉ धीरज कुमार सिंह का साफा बंधा कर स्वागत किया। इस मौके पर विधायक नारायण बेनीवाल व एसडीएम डॉ धीरज कुमार सिंह ने सोनोग्राफी मशीन का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक बेनीवाल ने उपस्थित ग्रामीणों को अपने संबोधन में कहा कि मेरा प्रयास रहेगा कि क्षेत्र के मरीजों को अच्छी क्वालिटी का उपचार मिले। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्या थी कि अस्पताल परिसर में सोनोग्राफी मशीन नहीं होने के कारण महिला मरीजों को जिला मुख्यालय जाना पड़ रहा था। अब महिलाओं को सोनोग्राफी करवाने के लिए राहत मिली है। विधायक ने कहा कि दूसरे राज्य के मजदूर मजदूरी करते हैं इनके अलावा नेशनल हाईवे पर आए दिन हादसे होने के कारण मृतकों के शव को रखने के लिए अस्पताल परिसर में मोर्चरी का भी निर्माण करवाया जा रहा है। अस्पताल में मरीजों को एक ही छत के नीचे सुविधा मिले इसके लिए मेरा पूरा प्रयास किया जा रहा है। बच्चों के डॉक्टर व महिला डॉक्टर लगवाने का प्रयास किया जाएगा। अस्पताल में और भी सुविधाओं की बढ़ोतरी करने के लिए विधायक कोष से राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जनवरी महीने के बजट में सीएचसी को ट्रॉमा सेंटर करवाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी डॉ धीरज कुमार सिंह ने कहा कि अस्पताल में मरीजों को अच्छी सुविधा मिले इसके लिए उनका पूरा प्रयास रहेगा। एसडीएम ने कहा कि हर शनिवार को सरकारी अवकाश के दौरान अस्पताल में रहकर सोनोग्राफी की जाएगी ताकि महिला मरीजों को राहत दिलाने का पूरा प्रयास रहेगा। एसडीएम ने कहा कि अस्पताल परिसर में ब्लड बैंक करवाने का पूरा प्रयास रहेगा। इस मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ जुगल किशोर सैनी ने कहा कि अस्पताल परिसर में सीबीसी मशीन, ऑटो एनालाइजर, पैरा मॉनिटर की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए विधायक से मांग की इस मौके पर जनप्रतिनिधि चंपालाल देवड़ा ने अपने विचार व्यक्त किए।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन बहुरंगी पोस्टर का हुआ विमोचन

### आगामी 21 फरवरी आयोजित होगा सम्मेलन




सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज )।** मेड़ता शहर में हिन्दू सर्व समाज तृतीय सामूहिक विवाह सम्मलेन के बहुरंगी पोस्टर विमोचन का चारभुजा चौक में राम धाम देवल उत्तराधिकारी संत रामनिवास शास्त्री महाराज, मेड़ता उपखण्ड अधिकारी पूरण मल सैन, नगरपालिका चेयरमैन गौतम टाक,पूर्व विधायक के कर कमलों द्वारा किया गया। संत रामनिवास शास्त्री महाराज ने कहा सनातन धर्म हिंदू सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन बहुत अच्छी पहल है जिसने अमीरी गरीबी छुआछूत देहज़ प्रथा समाज की व्याप्त कुरीतियों पर पाबंदी लगेगी मेड़ता चेयरमैन गौतम टाक कहा हिंदू सर्व समाज का तीसरा सामूहिक विवाह सम्मेलन मेड़ता सिटी में होने जा रहा है जो आज के युग में सामूहिक विवाह की जरूरत है कर्जा करके झूठा दिखावा करने से अच्छा सामूहिक विवाह सम्मेलन में शादी के लिए ज्यादा से ज्यादा जोड़े पंजीकरण करवाकर सम्मेलन को सफल बनाएं मेड़ता पूर्व विधायक रामचंद्र जारोड़ा ने कहा सामूहिक विवाह सम्मेलन करने से बाल विवाह दहेज प्रथा यह समाज की व्याप्त कुर्तियां पर पाबंदी लगती है इस मोके पर सामूहिक विवाह समिति संयोजक गणपत सिंह पीड़ीयार, संरक्षक केदारमल बिड़ला ,देवीलाल गौड़ इंदौरिया ,द्वारका प्रसाद जाजू ,उमा शर्मा रजत , नोरतमल बोराणा मच्छराज सिखवाल,किशन सोनी ,श्रवण कुमार लटियाल ,चेनाराम चौधरी ,महामंत्री प्रदीप दाधीच , रामकैलाश गट्टानी, तुलसीराम प्रजापत, कोमल कंवर पीड़ीयार , रामेश्वर दाधीच ,सुनील सिखवाल, नवरतनमल चौहान, श्वेता सोनी , कन्हैया लाल सोनी , सिखवाल रामाकिशन बढ़ियासार, रामकुवार जांगिड़,, धनसिंह राठौर, ट्रैफ़िक थाना अधिकारी नाथूराम, इन्दावड़ पूर्व सरपंच नंदा राम मेहरिया, सहीराम, धर्माराम, बॉबी बन्ना, प्रेम चंद वर्मा, रेवन्त सैन,सुरेश सैन शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com